अगस्त 2020

1. नितिन गडकरी ने बिहार में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम (ऊर्ध्वप्रवाह) कैरिजवे का उद्घाटन किया

- नोट: सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम कैरिजवे का उद्घाटन किया। 5.5 किलोमीटर से अधिक लंबा, फोर-लेन यह पुल NH-19 पर पटना और हाजीपुर के बीच पर स्थित है। इसका निर्माण एक हजार 742 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसमें नए स्टील डेक अधिरचना द्वारा पुराने पुल के मौजूदा कंक्रीट अधिरचना का प्रतिस्थापन करना भी शामिल है। इस पर कार्य जून 2017 में शुरू किया गया था।

2. दूरस्थ शिक्षा के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए:

राज्य	मोबाइल एप्लिकेशन



असम	बिस्वा विद्या असम मोबाइल एप्प
बिहार	विद्यावाहिनी एप्प, विद्यार्थियों के लिए मेरा मोबाइल मेरा विद्यालय एवं उन्नयन बिहार शिक्षक एप्प
चंडीगढ़	फीनिक्स मोबाइल एप्प
मध्य प्रदेश	टॉप पेरेंट एप्प
महाराष्ट्र	लर्निंग आउटकम्स स्मार्ट क्यू मोबाइल एप्प
पंजाब	आइ स्कुएला (iScuela) लर्न मोबाइल एप्प
सिक्किम	एडुटेक एप्प
त्रिपुरा	एम्पावरयू शिक्षा दर्पण
उत्तर प्रदेश	टॉप पेरेंट एप्प

3. श्री रविशंकर प्रसाद ने आज "चुनौती" - अगली पीढ़ी की स्टार्टअप चुनौती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



- भारत के टियर -2 शहरों पर विशेष ध्यान देने के साथ स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर उत्पादों को और बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तीन वर्षों की अवधि 95.03 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इसका लक्ष्य पहचान किए गए क्षेत्रों में काम कर रहे लगभग 300 स्टार्टअप्स की पहचान करना और उन्हें 25 लाख रूपये का सीड फंड और अन्य सुविधाएं प्रदान की जायगी।
- इस चुनौती के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय निम्नलिखित क्षेत्रों में स्टार्टअप को आमंत्रित करेगा:

❖ जनता के शिक्षा-प्रद्योगिकी, कृषि-प्रद्योगिकी एवं वित्त-प्रद्योगिकी

❖ सप्लाई चेन, लॉजिस्टिक एवं परिवहन प्रबंधन

❖ आधारभूत संरचना एवं सुदूर निगरानी

❖ चिकित्सा सुविधा, नैदानिक, निवारक एवं मनोवैज्ञानिक देखभाल

❖ कार्य एवं कौशल, भाषायी टूल (उपकरण) एवं प्रद्योगिकी



- चुनौती के माध्यम से चुने गए स्टार्टअप्स को भारत भर के सॉफ्टवेयर टेक्नॉलॉजी पार्कों के माध्यम से सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार सहायता प्रदान की जाएगी।
- उन्हें ऊष्मायन (इन्क्यूबेशन) सुविधाएं, मेंटरशिप, सुरक्षा परीक्षण सुविधाएं, उद्‌यम पूँजीवादी वित्तपोषण, इंडस्ट्री कनेक्ट के साथ-साथ कानूनी, मानव संसाधन (एचआर), आईपीआर और पेटेंट मामलों में सलाह मिलेंगी। सीड फण्ड (आधार कोष) के अलावा, क्लाउड सेवा के अग्रणी स्टार्टअप प्रदाताओं से 25 लाख रूपये तक का क्लाउड क्रेडिट भी प्रदान किया जाएगा। जो स्टार्ट-अप सृजनशील (आईडीएशन) चरण में प हैं, उन्हें प्री-इनक्यूबेशन कार्यक्रम के अंतर्गत चयन किया सकता है और प्रस्तावित विचार के अनुसार व्यावसायिक योजना और समाधान को विकसित करने के लिए छह महीने तक के लिए उन्हें परामर्श दी जा सकती है। प्रत्येक इंटर्न (प्रशिक्षु) (प्री-इनक्यूबेशन के तहत) को 6 महीने की अवधि तक 10,000 रूपये प्रति माह दिया जाएगा।

gradeup



4. केंद्रीय मंत्री ने बिहार के मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) के डिजिटल प्रशिक्षण और कौशल केंद्र की आधारशिला भी रखी।

- इस केंद्र को 9.17 करोड़ रु रुपये की लागत से भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयद्वारा विकसित किया जाएगा। । बिहार सरकार ने इस संस्था के लिए एक एकड़ भूमि आवंटित की है। यह केंद्र डिजिटल प्रयोगशाला के साथ अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा से लैस होगा। इस केंद्र से ओ लेवल, सीसीसी, बीसीसी, प्रोग्रामिंग और मल्टीमीडिया प्रशिक्षण जैसे विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान की जाएगी।

5. वायु प्रदूषण प्रबंधन के लिए बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आईआईटी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

- बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में वायु गुणवत्ता प्रबंधन की जांच करने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित मंच स्थापित

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

करने के लिए आई आई टी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किया है।

- आईआईटी दिल्ली राज्य (बिहार) को वायु प्रदूषण और वैज्ञानिक विश्लेषण एवं निगरानी के लिए एक व्यापक संरचना स्थापित करने और डेटा विश्लेषण के लिए सांस्थानिक क्षमता विकसित करने में सहायता करेगा।
- यह परियोजना पटना, गया और मुजफ्फरपुर जैसे गैर-अभ्याप्ति (नॉन-अटेन्मेंट) शहरों में पार्टिकुलेट (कणिका) मैटर (उपादान) पीएम 2.5 के स्रोतों और परिवहन (स्थानीय हॉट स्पॉट या संवेदनशील स्थानों) की पहचान करने में तथा इसके प्रभावी शमन उपायों को जानने में बोर्ड की सहायता करेगी।
- यह परियोजना न केवल सांख्यिकीय और स्थानिक आंकड़ों के आधार पर खराब वायु गुणवत्ता वाले भौगोलिक क्षेत्रों की पहचान करेगी, बल्कि उन क्षेत्रों में वायु प्रदूषकों के स्रोत का पता लगाने में भी सक्षम होगी।
-

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

6. फ्लिपकार्ट ने आईआईटी पटना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया के उद्योग के अनावरण करने में सहायता मिल सके

- ईकॉमर्स प्रमुख, फ्लिपकार्ट ने भारत के प्रमुख विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान आई आई टी पटना के साथ एक समझौता ज्ञापन की घोषणा की है। यह समझौता ज्ञापन फ्लिपकार्ट के अकादमिक सहयोग को मजबूत करने का एक कदम है, जो पिछले 5 वर्षों से जारी है। आईआईटी पटना के साथ समझौता ज्ञापन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) और मशीन लर्निंग (एमएल) के क्षेत्रों में उद्योग केंद्रित अनुसंधान बनाने में मदद करेगा।
- इस समझौता ज्ञापन के एक भाग के रूप में, आईआईटी पटना संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों, शोध पत्र लिखने, सेमिनार आयोजित करने, इंटर्नशिप /मेंटरशिप अवसरों का आयोजन जैसे कई कार्यक्रम प्रारम्भ करेगा। अकादमिक सहयोग से आईआईटी पटना के छात्रों और शोध छात्रों के लिए वास्तविक

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

उद्योग अनावरण करने और अनुसंधान परियोजनाओं पर फ्लिपकार्ट के साथ काम करने के लिए संकाय सदस्य (ओं) को एक अवसर मिलने की उम्मीद है।

7. नीतीश ने विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी की पुस्तक का विमोचन किया

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी की पुस्तक का विमोचन किया जो लेख, विचार और जीवन वृत्तांत का संकलन है।
- विजय कुमार ने "सियासत में सदस्यता" नामक पुस्तक का विमोचन किया